Seventeenth Loksabha

>

Title: Announcement regarding procedure for laying of speeches.

माननीय सभापति : माननीय सदस्यगण, जितने माननीय सदस्य विभिन्न चर्चाओं में भाग लेना चाहते हैं, उन सभी को समय के अभाव के कारण बोलने के लिए समय नहीं मिल पाता है । अत: ऐसे माननीय सदस्यों को आसनपीठ द्वारा कभी-कभी अपना भाषण सभा पटल पर रखने की अनुमति दी जाती है । सामान्यत: उस विषय पर माननीय मंत्री जी द्वारा जवाब दिए जाने से पहले, माननीय सदस्यगण अपने भाषणों को लिखित रूप में सभा पटल पर रखते हैं । वर्तमान कोविड-19 वैश्विक महामारी को देखते हुए, माननीय सदस्यों से अनुरोध है कि जब भी आसनपीठ द्वारा भाषण सभा पटल पर रखने की अनुमति दी जाती है, सदस्यगण अपने भाषण की सॉफ्टकॉपी प्रस्तुत करें । भाषणों की हार्डकॉपीज भी सभा पटल पर रखने की अनुमति होगी।

भाषण की सॉफ्टकॉपी सभा पटल पर रखे जाने के संबंध में प्रक्रिया पहले ही बुलेटिन पार्ट-II के माध्यम से अधिसूचित की जा चुकी है।

अब, जो माननीय सदस्यगण धन्यवाद प्रस्ताव पर अपने भाषण सभा पटल पर रखना चाहते हैं, उनको सॉफ्टकॉपीज या हार्डकॉपीज के रूप में रख सकते हैं ।

… (व्यवधान)